राव बीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, कल यहां पर श्री मांगे राम ने कहा (व्यवधान) कि ट्रेडर्ज से जबरदस्ती चन्दा वसूल किया जा रहा है और चीफ मिनिस्टर ने इन्कार किया । (व्यवधान) लेकिन आज अखबारों में ट्रेडर्ज की ऐसोसिएशन के प्रेजोडेन्ट का बयान छपा है उसमें उन्होंने कहा है कि हमसे जबरदस्ती स्माल सेविंग तपा कल्चरल शो के लिए पैसा इकटठा किया जाता है (व्यवधान) । डाक्टर साहब जब मैंने और आपने सरकार चलाई थी उस वक्त तो यह बात नहीं हुई थी । चेयरमैन साहब, इस एड्रैस में फ्लड की बात की गई है । यह तो ठीक बात है कि ऐसे फ्लड नहीं आए ओर सौ करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ । इस बात को मैं मानता हूं लेकिन ऐसे फ्लड पहले क्यों नही आए । मैंने अर्ज किया कि जैसी. नियत वैसी बरकत । एक वह भी वक्त था जब संयुक्त विधायक दल की सरका र थी तेंय जिस समय किसान चाहता बा रिश हो जाती थी और जब चाहता था कि बारिश बन्द हो तो बारिश बंद हो जाती थी । हमने बिजली का अपना पूरा हिस्सा पंजाब से लेकर हरियाणा के।' दिया था । आज तो हालत यह है कि रावी ब्यास का झगड़ा तय– नही हो. पायॉ है । हेड बक्स' जो एक्ट के मुताबिक भाखडा मैनेजमेंट को जाने थे उनकी बाबत पंजाब वाले कह रहे हैं कि हम उनका मेनेजमेंट भाखडा बोर्ड कों नही देंगे । आप उसकी बाबत कोई बात नहीं कर रहे हैं । हालांकि सैन्ट्रल गवर्नमेंट ने फैसला किया है कि इनका इन्तजाम भाखडा बोड' को सौंप देना चाहिए लेकिन हमारी हरियाणा सरकार चुप बैठी हुई है । चौधरी देवी लाल ने बादल से दोस्ती कर ली

तो वह बादल हरियाणा मे बरसेगा और फिर हरियाणा में फ्लड नहीं आएगा तो फिर कहां आएगा । एक तरफ तो फ्लड आया और दूसरो तरफ परनाला आ गया.. (व्यवधान). पंजाबी में बरनाला के परनाला कहते हैं... (हंसी)... । मैं यह बता. दूं कि बरनाला साहब मेरे यहां अटेली में पैदा हुए थे आपको शायद यह मालूम न हो

श्री सभापति : अच्छा, ते । फिर सारी मुसीबत की जड़ आपके यहां से है ... (हंसी)... ।

राव बीरेन्द्र सिंहः कहा जा रहा है कि फ्लड से बहुत नुक्सान हुआ और इसलिए अब इकानाक्मी की बात की णो रही है । फ्लड रिलीफ के लिए काम किया जा रहा है । टिड्डी दल.. (व्यवधान)... जिस तरह से गांव की ओर चढ़ता है उसी तरह आफिसर्ज की फौज वहां जाती है । जितना आफिसर्ज के टी 0ए0,डी 0ए 0 पर खर्च होता है क्या उसके मुत। बिक काम होता है? वहां पर आफिसर्ज जाते हैं, एम 0एल0एज0 जाते हैं, मिनिस्टर्ज जाते हैं । इनके पर खर्चा होता है । मैं पूछना चाहता हूं कि यह पैसा कहां से आता है? चेयरमैन साहब, आपके यहां मेवात में तो बहुत काम हुआ है आपको तो सब कुछ पता होगा

डाक्टर मंगल सैन : राव साहब आप तो बहुत नाशुकरे हो ।

राव बीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, जो' बंद लगाये जा रहे हैं वे गांव को डु बाने के लिए बनाए जा रहे हैं । गांवों के

लोग बन्द नही बनाना चाहते लेकिन आप वहां पर बन्द बना रहे हैं.. (व्यवधान)... । यह सरकार तो यह चाहती है कि अपोजीशन न रहने पाए ।

श्री सभापति : पर्सनल डिस्कशन को आप छोडिए । आप एक–दों मिनट में अपनी बात खत्म करिए ।

चौधरी लाल सिंह : आन ए प्वाएंट आफ आर्डर । जिस सरकार ने हमारे बच्चों को रोंदा है और हमें दुखी किया है उस सरकार की राव साहब हिमायत कर रहे हैं । राव साहब मेरे पास अखबार की कटिंग्ज हैं आप इनको पढ़कर देखें कि उस सरकार ने कितने जुल्म किए है और आप उस सरकार की हिमायत के लिए खडे हुए हैं ।

श्री सभापति : राव साहब, आप एक दो मिनट में खत्म करिए ।

राव बीरेन्द्र सिंह : मैं एक दो मिनट में ही खत्म कर रहा हूं । आज पुन्डरी के अन्दर जो कुछ हो रहा है, निहंगों ने वहां पर जो कुछ किया है, सरकार उसके लिए क्या कर रही है । यह सरकार उनको इनाम दे रही है । आज वहां चौधरी बंसी लाल की जय के नारे लग रहे हैं.. (व्यवधान). । चीफ मिनिस्टर साहब आ गए हैं । ये बताएंगे कि वहां पर क्या ऐक्शन लिया जा रहा है ।

चौधरी लाल सिंह : राव साहब उसी सरकार की आप तारीफ कर रहे हैं जिसने मेरे बच्चों पर इतने जुल्म किए और उस आदमी की तारीफ कर रहे हैं जिसने इतने जुल्म किये हैं ।

श्री हरफूल सिंह : आन ए प्वाएंट आफ आर्डर । राव साहब, गवर्नर ऐडैरस पर बोल रहे हैं या बंसी लाल की तारीफ कर रहे हें?

राव बीरेन्द्र सिंह : गवर्नर एड्रैस में कही यह नही कहा गया कि रा वी व्यास के पानी का क्या बनेगा । रोज पंजाब वाले कह रहे हैं कि हैड वर्क्स का मैनेजमेंट भाखडा मैनेजमेंट को नहीं सौंपेगे । चौधरी साहब यह बताए कि इसके लिए वे क्या कर रहे हैं । निहंगों के लिए मुआवजे का एलान किया जा रहा है । अगर इक्वायरी हो रही है तो दस हजार रुपया क्यों दिया जा रहा है? इसका मतलब यह है कि वे बे कसूर थे । बाबा सन्ता सिंह के साथ क्या अन्डरस्टेंडिंग हु ई है? हम तो इस बात से परेशान हैं कि वे कहते हैं कि हमें नजराना दिया गया और यहां पर कहा जाता है कोई नजराना नहीं दिया गया । वह कहते हैं कि हमारी अन्डरस्टेंडिंग हो गई है और यह कहते हैं कि को ई अन्डरस्टेंडिग नहीं हुई । क्या नजराना उनको दिया गया है और क्या अन्डरस्टेंडिंग आपस में हुई है यह बात हरियाणा के लोगों को बतानी चाहिए । जवा हर लाल नेहरु कैनाल का जिक्र किया है । मैं इस बारे में ज्यादा लम्बा चौड़ा नहीं कहता । सिर्फ एक प्वाएंट के बारे में और कहूंगा और वह है एजूकेशन ।

मुख्य मन्त्री (चौधरी देवी लाल) : बस उसकी कमी है आपके लिए ।

राव बीरेन्द्र सिंहः आप तो बहुत पटे लिखे हैं. (व्यवधान)... गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस में कहा है कि हमने कालिजों के मुताल्लिक इंक्वारियां मुकर्रर कर दी हैं । चेयरमैन साहब, सब से ज्यादा अजीब चीज जो देखने में आई, वह यह है कि एजुकेशन के अन्दर युनिवर्सिटियों का कोई स्टेटस होता है लेकिन इन्होंने यूनिवर्सिटियों के स्टेटस को रिड्यूस करके डी 0पी 0आई 0 के महकमें के बराबर रख दिया है । यूनिवर्सिटी को भी पुलिटीक्लाइज किया जा रहा है । रोजमर्रा हु कम डी0 पी 0आई 0 आफिस से चलते हैं । हमें कोई एतराज नहीं होगा अगर ये शिक्षा केन्द्रों को निष्पक्ष रूप से सुधारें लेकिन हमें सभी तरफ से नजर आ रहा है कि जिन आदमियों ने उन कालेजों को बड़ी श्रद्धा से बनाया था अब ये उनके कालेजों को खत्म करने जा रहे है लेकिन इन्हेंने खुद तो कभी चिड़ियों के लिये छतों पर खुण्डी में पानी भी नहीं रखा होगा और इस बात को ये भलाई का काम बता रहे हैं । चेयरमैन साहब, रिवाडी पर तो इनकी खासतौर से मेहरबानी हुई है । एक मिनिस्टर को तो मिनिस्टरी सिर्फ इसी लिये दी गयी है कि तुम किती तरीके से इन कालेजों को खत्म कर दो..

Mr. Chairman : Please take your seat now. you had your time.

राव बीरेन्द्र सिंह : मैं मुख्य मन्त्री जी से अर्ज करूंगा कि चूंकि वे बहुत पुराने पार्लियामेटेरियन हैं और इनका पोलिटीकल कैरियर भी बहुत अच्छा रहा है, अभी अभी चीफ मिनिस्टर भी बने हैं, जनता की लहर ने आपको यहां तक लाकर बैठाया है, इसलिये आप हरेक काम को सोच समझ कर करे और अपने एडमिनिस्ट्रेशन के स्टैन्डर्ड को बढ़ाएं, ताकि हरेक को इन्साफ मिल सके । उनको चाहिये कि वे पोलिटिक्स को हरेक बात में न घुसेडें, बदले की भावना से कोई काम न करें । हरियाणा के हित की लड़ाई में हम हमेशा आपके साथ हैं । जो भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी उसमें हम आपको पूरा साथ देंगे और आप कामयाब रहेंगे । मैंने सरदार प्रताप सिंह कैरों के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी थी.....

चौधरी देवी लाल :: बड़ा अच्छा निभाया था ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आपने तो सब के साथ निभाया है । सरदार प्रताप सिंह कैरों के साथ निभाया है, पंडित भगवतदयाल शर्मा के साथ निभाया है ।

श्री सभापति : राव साहब, आप अपनी स्वीच को वाइड अप करें आपका टाइम खत्म हो चुका है ।

राव बीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, अगर आपकी इजाजत नहीं 'है तो मैं बैठ जाता हूं ।

शिक्षा मत्री (कर्नल राव राम सिंह :) : चेयरमैन साहब, राव साहब गवर्नर साहब के एड्रैस पर व ओल रहे थे या कि मरसी की पैटीशन चीफ मिनिस्टर साहब को पेश की जा रही थी । अगर यह मरसी की पैटीशन थी तो बाहर भी की जा सकती थी ।

सरदार लछमन सिंह (कालका) : चेयरमैन साहब, पेशतर इसके कि गवर्नर साहब के ऐडैरस पर अपने विचार रखूं, मुझे अपने पुराने साथी, राव बीरेन्द्र सिंह जी, जोकि बहुत पुराने सियासतदान हैं, पर बड़ा अफसोस आ फा है कि वे आज बोलते–बोलते इतनो नोची सतह पर आ गये हैं कि आपको भी एक दो बार उन्हें अपनी स्पीच बन्द कर देने को कहना पड़ा । राव साहब तो बड़े पुराने पार्लियामेन्टेरियन हैं उनको तो चाहिये कि वे अरने दूसरे साथियों को ट्रेनिंग दें कि किस तरीके से अपोजीशन का रोल अदा किया जाता है पर वे इस में कामयाब नहीं रहे । चेयरमैन साहब, हमें तो यह अफसोस ही रहता है कि अपोजीशन वाले सरकार के खिलाफ व बोलते ही नहीं हैं, यह सारी जिम्मेवारी हमें ही निभानी पड़ती है । सारा हरियाणा जानता है कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने किस तरह से त्याग का सबूत दिया है उनके पास आज एक भी महकमा नहीं है पर जब राव साहब चीफ मिनिस्टर थे तो 25 में से 22 महकमें उनके पास थे । (तालियां) हमारे मुख्य मंत्री जी का इससे ज्यादा त्याग और क्या हो सकता है । राव साहब को हम यकीन के साथ कह सकते हैं कि राव साहब एक भी करप्शन का सबूत नहीं दे सकते, सिर्फ कहने से

कुछ नहीं बनता, कोई एक कंक्रीट मिसाल राव साहब दें तो हम सारे उनके आगे अपना सिर झुका देंगे ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आपकी अपनी पार्टी दे रही है, मैं तो बाद में देता हूं ।

सरदार लछमन सिंह : चेयरमैन साहब, सभी जानते हैं कि जनता पार्टी का विधान कितना विशाल है, यहां पर किसी आदमी के पर किसी तरह की अपनी कोई भी बात कहने की कोई पाबन्दी नहीं है, आजादी है । अगर कोई थोड़े बहुत आदमी ऐसी कोई बात करते हैं तो मैं आपको यह बता देना चाहता हूं कि आपको उनका कोई फायदा होने वाला नहीं है । डिसीडेन्ट्स हो सकते हैं, लेकिन वे पार्टी के अन्दर हैं, हर आदमी पार्टी का एक वफादार सिपाही है । (तालियां) आपको किसी से कोई फायदा पहुंचने वाला नहीं है । लेकिन मैं समझता हूं कि राव साहब इतने खुश क्यों हैं क्योंकि वे अभी–अभी नयी इन्दिरा कांग्रेस में शामिल हो गए हैं ।

राव बीरेन्द्र सिंह : मैं तो नहीं हुआ कांग्रेस आई में, आपको यह किस ने कह दिया, किस ने इतलाह दे दी । विशाल हरियाणा पार्टी किसी में शा मिल नहीं हुई ।

सरदार लछमन सिंह : राव साहब कह रहे हैं कि जनता पार्टी ने जो रोल अदा किया है, वह सामने आ रहा है, राव साहब 2 अप्रैल का दिन अभी अ। पके सा मने आ रहा है, करनाल के

अन्दर अभी चुनाव होने जा रहे हैं । इतना विशाल अ योजन हें। रहा है, आपको पता– लग जाएगा । अभी–अमी साढे 10 हजार वोटों से चौधरी उदय सिंह दवा जीत कर आये हैं (तालियां) यह क्या कम बात है? चेयरमैन साहब, अब मैं गवर्नर साहब के एड्रैस के बारे में कुछेक बातों पर अपने ख्यालात का इजहार करूंगा । गवर्नर साहब ने अपने अभिभाषण में जो किसानों की भलाई के लिये, जिनके जिस्म नंगे होते थे, पांव नंगे थे, गुरबत के कारण मारे फिरते थे, काम किये हैं, उसके लिये मैं अपनी सरकार को बधाई देता हूं । यह सरकार सचमुच बधाई की पात्र है । अगर कहीं पर इंडस्ट्री में किसी किस्म की क्राइसिक अ। यी हैं तो उस वक्त भी सरकार लोगों की मदद के लिये अ। यी है लेकिन किसानों की बहबूदी. के लिये आज से पहले किसी भी सरकार ने कुछ नहीं कियो । यह पहली सरकार है जिसने जमीदारों की मदद करने का एलान किया है । चेयरमैन साहब आज आपकों पता है कि गुड़ और गन्ने की कीमते काफी गिर चुकी हैं लेकिन बदकिस्मती की बात तो यह है कि अखबार वाले कहते हैं कि चीजों की कीमतें घट गयी हैं, 4 0, 50 परसेन्ट कीमतें होल सेल में गिर गई हैं । दिक्कत सिर्फ यह है कि रिटेल वाला काबू में नहीं आ रहा है इसलिये में रो सरकार से रिक्वेस्ट है कि इस तरफ तवज्जो दे और रिटेल वालों को काबू में करे जो आज एक चीज 150 से लेकर 300 में बे च रहा है । दूसरी बात जो मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं वह यह है कि आज– जिन चीजों की कीमतें गिरी हुई हैं, आज जब गुड़ का भाव 7 क्य 80

रुपये है तो तीन महीने के बाद यही भाव 200 रुपये तक पहुंच जाएगा । इसलिये सरकार से मेरी प्रार्थना है कि अभी से इन बातों की तरफ ध्यान दे और पूरी चौकिंग हो ताकि कोई व्यापारी ऐसी कोई हरकत न कर सके जिससे कि लोगों को परेशानी पैदा हो ।

चेयरमैन साहब, एक और बात जे मैं कहने जा रहा हूं वह है बिजली और पा दो के सम्बन्ध में । बिजली पानी के लिये एक बहुत अच्छा काम सरकार ने किया है । इसके साथ साथ मैं एक रिकवैस्ट सरकार से यह करूंगा कि अम्बाला ही एक ऐसा जिला है जहां पर कि नहरें कम हैं । जमना नहर का पानी जब उनके खेतों के साथ से गुजरता है तो उन लोगों के साथ क्या गुजरती है, जिन लोगों के अपने खेतों को पानी नहीं मिलता है । इसलिये लोगों की दिक्कतों को देखते हुए सरकार को चाहिए कि वहां पर जो डीप ट्यूबवैल्ज लगाये गये हैं जब तक नहरों की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक वे ट्यूबवैल वहां न लगाये जाएं क्योंकि लोगों ने जो अपने ट्यूबवैलज लगा रखे हैं, उनको इन डीप टयूबवैलज के कारण काफी नुकसान हो रहा है । मैं एक सुजैशन देना चाहता हूं कि अगर भाखडा कैनाल से शिवालिक डिस्ट्रीब्यूटरी से जमना में पा नो फैस दिया जाए तो सारा अम्बाला जिला सैराब हो सकता है । अगर ऐ सा किया जा ता है तो अम्बाले के लोग आपके बहुत एहसानमंद होंगे । एक बात राव साहब ने यह भो कही कि चौधरी साहब अक। लिये से मिले हुए हैं । तो राव साहब आपके कहने से जनता पार्टी अकालियों से

बिगाड़ नहीं करेगी । हम पंजाब वालों से आप से ज्यादा लेकर दिलाएंगे । हमारा उनके साथ कोई झगड़ा नहीं है, चण्डीगढ के मामले पर भी को ई झगडा नहीं है और न ही हरियाणा कोई झगड़ा करना चाहता है । हम अमन चाहते हैं । जो निहगों की बात है वह भी हल हो जाएगी राव साहब आप बेफिक्र रहें । चेयरमैन साहब, मैं एक और अज' करना चाहता हू कि चौधरी साहब ने बहुत दफा एलान किया है कि हरियाणा की सैकिड लैंग्वेज पंजाबी होगी । मैं कहना चाहता हूं कि पंजाबी के साथ साथ उर्दू भी होनी चाहिये । यहां पर इन दोनो भाषाओं को पढ्ने वाले रहते हैं । इस मामले में मैं अपोजीशन के भाइयों से भी कहूंगा कि इसको अच्छे दिल से सोचें । जब हम इस नारे से चलते हैं कि हम एक हैं और हमारा देश एक है तो यह डिसक्रिमिनेशन नहीं होगे चाहिये । जितनी जुबानें कोई जानता है उसके'य उतना हो फायदा होता है । अगर ऐसा किया जाता है तो हमारी स्टेट एक प्रोग्रैसिव स्टेट कहलवाएगी । आज आप अखबारों में पढ़ते है कि बंटवारे के लिये कमीशन बैठेगा लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि हरियाणा किसी भी स्टेट को अपने इलाके की एक इंच भी भूमि नहीं देगा ।

इसके बाद जहा तक लिंक रोड्ज का सवाल है उसके लिए मैं कहूगा कि हरियाणा के अन्दर जितने तब–माउटेनियस ऐरियाज हैं उनको इग्नोर किया गया है । इस काम को या तो सरकार भूल जाती है या खर्चा ज्यादा आने की वजह ते इसे छोड

दिया जाता है. जो कालका और छछरौली वगैरह का एरिया है यहा के पहाडी लोग आपकी तरफ देखते हैं कि उधर भी कमी आपका ध्यान जाएगा या नही । पहाड की ठंडी हवा खाने के लिए तो हम चले जाते हैं लेकिन उन की दिक्कतों की तरफ हम ध्यान नही देते । इसलिए मैं यह कहना चाहता हू कि पहाडो को एशो–इशरत के लिए ही नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि उनकी कठिनाइयों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए इसके बाद मैं एजूकेशन के बारे में अर्ज करना चाहता हू

श्री सभापति : अब आप वाइंड अप करें

सरदार लछमन सिंह : चेयरमैन साहब, आपका हुकम हो गया है इसलिए मैं यह कह कर अपना भाषण समाप्त करता हू कि गवर्नर साहब के एड्रेस मे जिन बातों का जिक्र है अगर उनको इम्पलीमैंट कर दिवा जाए तो मैं यकीन के साथ कह सकता हू कि हरियाणावासियो को किसी किस्म का गिला नही रहेगा हरियाणा हने एक दिवालिया स्टेट मिंत्री थी लेकिन आज आप देखें कि कितनी जल्दी इस सरकार ने यहा डिवैल्पमैंट कर दी। मैं अपने चीफ मिनिस्टर साहब को एक बार फिर मुबारक– बाद देता हू कि उन्होने बहुत बडा त्याग किया है और डि–सैटरलाइजेलन आफ पावर का एक बहुत बडा उदाहरण दिया है । मैं चाहता हू कि इसईट्ट तरह से डि–सैटरलाइजेलन आफ पावर नीचे तक जानी चाहिये ताकि लोगों को छोटे छोटे कामो के लिए रोज चण्डीगढ़ न आना पडे

चौधरी सत कवर (इसना') : माननीय चेयरमैन साहब, मैं गवर्नर साहब के अभिभाषण के लिए उनको धन्यवाद देने के लिए खडा हुआ हू । हरियाणा के अन्दर जनता पार्टी की सरकार बनने से पहले हरियाणा (की जनता के दिल में जो भय के बादल छाये हुए थे वह हरियाणा मे जो जनता सरकार आई और उसके महान नेता **चौधरी देवी लाल** : के कुर्सी पर वैठने के बाद वह तमाम भय जनता के दिल से दूर हो गये, वह सारा डर का वातावरण दूर हो गया. हमारे गवर्नर साहब ने अपने अभि– भाषण मे स्कूली–शिक्षा की बात कही है कि गांवो के अन्दर स्कूली–शिक्षा पर ज्यादा खर्च किया जाएगा, यह बडी खुशी की बात एं लेकिन चेयरमैन साहब, इस देश की और प्रदेश की बडी बद–किस्मन्त्री रही कि यहा पर दो किस्म के स्कूल चलते आए है । एक स्कूल तो वे अक्ष जिनके अन्दर बहुत बडे बड़े घरों के लडके कारों में बैठ कर जाते कुए तथा जिनके अध्यापकों और प्रिसिपलो की तनखाहें हजारों रुपये होती है । वह लडके सोफों पर बैठ कर पढते हैं और जब वे स्कूलौ से निकल कर जाते हैं तो उनको बडी बड़ी कुर्सियां मिलती हैं लेकिन दूसरी तरफ वे छोटे स्कूल हैं, टूटे स्प स्कूल हैं और उनके लिये भी मन्त्री जी ने यह कहा कि पैसे को कमी की वजह से हम। उन्हें बहुत जल्दी ठीक नहीं कर पाएंगे । ते'य उनमें जो बच्चे पढ्ने के लिये जाते हैं वह बोरियों और टाट पर बैठते हैं । इन बच्चों के लिये पिछली सरकार ने तो पूरी सुविधा दी नहीं लेकिन हमारी सरकार भी इस ओर पूरा ध्यान अभी तक नहीं दे पाई हैं । मैं **चौधरी देवी लाल** : जी का ध्यान इस तरफ दिलाना

चाहता हूं कि शिक्षा के अन्दर जब तक समान स्तर लागू नहीं किया जाएगा क्व तक देहात में रहने वाले बच्चो की पढाई का ठीक इंतजाम नहीं हो पाएगा! वे बच्चे अच्छे अच्छे औहदों पर नहीं बैठ पाएंगे । मेरी सरकार से एक और दर्खास्त है कि इन स्कूलों के अन्दर जो पछाई आज तक चली आ रही है वह सिर्फ क्लर्क बनाने वाली शिक्षा है । जब तक टैक्नीकल शिक्षा नहीं दी जाएगी, हाथ का काम नहीं सिखाया जाएगा तब तक कोई भी सरकार इतने आदमियों को रोजगार नहीं दे सकेगी । जो बच्चे मैट्रिक, बी0ए 0 या एम 0ए0 पास करके निकल जाते हैं उनको आज कही भी नौकरी नहीं मिलती अगर उनको टैक्नीकल शिक्षण दी जाए तो वे अपना कोई धंधा चला सकते हैं । इसके बाद गवर्नर साहब ने अपने अभिभाषण में बेरोजगारी को दूर करने के बारे में कहा कि हम लोसों को लघु उयथे लगाने के लिये लोन देकर बेरोजगारी को दूर करेंगे । मेरे ख्याल में इससे अच्छी योजला कोई और नहीं हो सकती । जनता पार्टी सरकार ने और खास कर **चौधरी देवी लाल** : जी ने यह जो योजना बनाई है इसके लिये मैं उनका हार्दिक स्वगत करम हूं । इस योजना से उन्होंने जात पात का झगड़ा भी खत्म कर दिया है । क्योकि चार चार, पांच पांच लकको की एक यूनिट होगी जिसमें एक लड़का हरिजन का होगा, एक बैकवर्ड क्लास का तथा एक किसान का होगा और एक महाजन का होगा । इनको सरकार दस हजार से लेकर एक लाख तक का लोन देगी । इसमें एक बात और अच्छी की गई है कि ऐसे लड़कों से बैक सियोरिटी नही लेगा । इसके अन्दर एक कमी

है कि यूनिट तो मंजूर करवा ली जाती है क्योंकि जिले में जो डी0 आई0 औ0 होता है वह मंजूर कर देता है तथा डायरैक्टर भी मंजूर' कर देता है लेकिन उसके कद जब वह बैक में पैसे लेने के लिये जाते हैं तो बैक वाले उनको पैसे नहीं देते । बैंक वाले यह कह देते हैं कि या तो शियोरिटी दो या सिक्योरिटी दो तथा जो कारखाना लगाना है उसका तजुर्बा दो । अगर उनमें शियोरिटी देने की हिम्मत होर्ती तो वे लघु उद्योग क्यों लगाते । इसलिये मेरी दर्खास्त यह है कि जितने भी लड़के लघुरू उद्योग के लिये लोन लेना चाहें उन्हें यह लोन बिना किसी तकलीफ उठाये दिया जाए और जो' समस्या बैकों की तरफ से उठाई गई है इसको दूर किया जाए । यह समस्या जरूर दूर होनी चाहिये चाहे सरकार को अपनी किसी कापरेशन के द्वारा यह कर्जा देना पड़े ।

इसके आगे गवर्नर साहब ने अपने अभिभाषण में पुलिस के बारे में लिखा है कि बिना किसी किस्म की रुकावट के अब केस दर्ज किये जाते है । इस बात में कोई शक नहीं कि पहले जिस तरीके से थानों में और चौकियों में भ्रष्टाचार चल रहा था वह जनता सरकार के आने के बाद अब खत्म हो गया है । उस समय देहातों के लोग थाने और चौकी के सामने से गुजर नहीं सकते थे लेकिन माननीय **चौधरी देवी लाल** : की सरकार ने सिस्टम में ऐसा परिवर्तन कर दिया कि अब लोग सीधे पुलिस कप्तान तक पहुंच सकते हैं, उससे बात कर सकते हैं और तमाम

अफसरों को हिदायत दे दी कि सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एक घंटा जनता की बात सुनें । मैं अपने जिले की बात कह रहा हूं कि मेरे जिले से कोई इस किसम की शिकायत नहीं आती कि थाने के अन्दर कोई बड़ा आदमी रिश्वत लेता हो । एक बात जरूर है कि पुलिस वाले कई बार पहली शिकायत दर्ज नहीं करते और मौके पर आकर लोगों से सलाह– नामा नहीं कर पाते, इस ओर ध्यान नहीं देते । अगर ऐसा करें तो जो जुल्म होने वाला है उससे बच सकते हैं । सोनीपत के अन्दर एक घटना हुई । चेयरमैन साहब, सोनीपत के अन्दर एक रंग उद्योग फैक्ट्री है । उस फैक्ट्री के अन्दर कई महीनों से हड़ताल चलती आ रही थी, लोग 5 महीने से फैक्ट्री के बाहर हड़ताल पर बैठे हैं । फैक्ट्री के मालिकों ने कहा कि उठ जाओ । उन्होंने कहा कि हमारा हिसाब–किताब कर दो, हम चले जाएंगे । यह बात पुलिस के नोटिस में थी । एक दिन मालिकों ने गुण्डों को लेकर उन हड़ताली मजदूरों पर हमला कर दिया । एक शर्मा जी थे, शरीफ लड़का था, प्रधान था उसकी मौत हो गई । इस झगडे में बड़ी बे–इन्साफी हुई । मैं गृह मन्त्री के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जो गरीब मजदूर किराया लेकर या टैक्सी लेकर मंत्रियों के बंगलों पर नहीं जा सकता, उसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ । जो फैक्ट्रियों के मालिक हैं, वे अपनी तरफ से या दूसरी तरफ से दबाव डलवा लेते हैं, मिस–गाईड करते हैं । मन्त्री जी मौके पर जा कर देखें, चाहे किसी एम0एल0ए0 को भेजें, उसकी इक्वायरी करवाएं क्योंकि वहां पर बड़ा जुल्म हुआ है । केवल शर्मा ही नहीं

मारा गया उसकी मां को चाकू मारे गये, उसकी दादी को मारे गये । अगर इस किस्म. के अपराध होंगे तो मैं मन्त्री महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं कि यह बहुत बुरी बात है । अगर पुलिस अफसरान की इस किसम की ढील पाई जाए तो उनको सजा देनी चाहिए ।

चेयरमैन साहब, अगली बात गवर्नर साहब ने अपने अभिभाषण में पानी के बारे में कही । मुख्य मन्त्री जी का प्रोग्राम है कि पानी का प्रबन्ध करेंगे । बहुत से लोगों ने पानी के बारे में कहा, लेकिन मैं चूंकि उस इलाके से सम्बन्धित हूं जिस में बुरी तरह से बाढ़ आई । चेयरमैन साहब, ऐसे इलाके में जनता पार्टी की सरकार ने जिस तरह से काम किया, उसकी मिसाल कहीं नहीं मिल सकती । जिस प्रकार मुख्य मन्त्री ने गांव गांव में जाकर मिट्टी की टोकरियां डालीं, फोटो खिचवाने के लिए नहीं, बल्कि सच्चे दिल से काम करने की भावना से टोकरियां उठाई । मैं अपनी कांस्टीचुएंसी की बात बताता हूं । 5 गांवों में मुद्धा मन्त्री गए । विरोधी पक्ष ने शायद यह बात कह दी कि मुख्य मन्त्री जी के साथ तमाम डिपार्टमैंट चला जाता है जिससे खर्चा बहुत होता है, लेकिन मैं अपनी कांस्टीच्यूएंसी की बात बताता हू । जिन गांवों में वे गए वहां पांच पांच हजार फुट से ज्यादा मिट्टी उठाकर, गांव वालों ने काम किया, लोगों ने खुद किया । जहां मुख्य मन्त्री ने टोकरी डाली वहां एक गांव के लोगों ने 50 हजार का काम किया । मुख्य मन्त्री ने उनको कहा कि पैसे ले लो, ठेकेदार को भी तो पैसे देने

ही थे, आपको दे देंगे तो क्या हो जाएगा । गांव वालों ने कहा कि हमें पैसे की जरूरत नहीं है, आप बाढ़ रोकने के इन्तजाम में लगे रहें और इसी तरह में हमारी समस्याओं को निपटाते रहें । मैं मुख्य मन्त्री जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने बाढ़ ग्रस्त इलाके में दिन रात एक करके काम किया, यह बहुत सराहनीय है । मैं एक बात आपके नोटिस में लाना चाहता हूं । बाढ़ से लोगों में इतनी भुखमरी हो गई कि लोगों ने अपने जेवर बेचे और अपनी इज्जत बचाई । लोगों के घरों में अनाज नहीं रहा था, जेबर बेचकर अनाज खरीदना शुरू किया था । ऐसे समय में सरकार ने जिस तरह से लोगों तक अनाज पहुंचाया, वह बहुत सराहनीय है । मैं सिरसा, हिसार, कुरुक्षेत्र और पंजाब के इलाके के लोगों का धन्यवाद करता हू जिन्होंने बहुत ज्यादा तादाद में हमें चारा दिया और दूसरी प्रकार की मदद दी । मैं मुख्य मन्त्री के नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं कि नया चारा आने में दो महीने बाकी हैं । इस इलाके में चारे की सख्त कमी है । बाढ़ आने से चारे की समस्या बड़ा गंभीर रूप धारण कर गई है, इसको निपटाने का प्रयत्न सरकार की तरफ से अवश्य होना चाहिए ।

चेयरमैन साहब, रोहतक जिले में नहरों का जो पानी आता है उस पर कई सालों से 40 फीसदी कट चली आ रही है । अगर इस कटौती को खत्म न किया गया तो लोगों की हालत खराब हो जाएगी । एक तरफ तो बाढ़ से नुक्सान होता है और दूसरी तरफ पानी की इतनी बड़ी कटौती होने के कारण जमीदारों

को पानी कम मिल रहा है । इसकी वजह से अनाज की पैदावार कम हो गई । जितना अनाज रोहतक जिले को पैदा करना चाहिए था उतना पैदा नहीं कर पाता । मेरी मुख्य मन्त्री जी से यह अर्ज है कि पानी की कटौती को बन्द करे । चेयरमैन साहब, एक अर्ज और है, जिसेके बारे में बहुत से सदस्यों ने कहा है कि किसान का गन्ना बरबाद हो रहा है । इसका कोई न कोई हल सरकार को निहालना होगा । यूपी. में 1 तारीख को आन्दोलन होने जा रहा है । यहां के लोग भी आन्दोलन कर सकते हैं लेकिन उनको पता है कि यह जनता की सरकार है, लोगों की भलाई के लिए कुछ कर सकती है और करेगी । लेकिन लोग भी कब तक धीरज रखेंगे । किसान ने रात को पानी दे कर, कई प्रकार के कष्ट बरदाश्त करके जो गन्ना पैदा किया है उसकी बुरी हालत है । इन हालात को खत्म करने के लिए माननीय मुख्य मन्त्री साहब कोई न कोई ऐसा कदम उठाएं ताकि लोगों की इस समस्या को हल करने में यह सरकार सफल हो । बाकी जितनी बातें गवर्नर साहब ने इस अभिभाषण के अन्दर कही हैं, उन के लिए गवर्नर साहब का बहुत धन्यवाद करता हूं । चेयरमैन साहब, ये सारी बातें पूरी होने के बाद, जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान लोगों से जो वायदे किए थे उन को पूरा करने की ओर यह बहुत बड़ा कदम है । मैं सरकार को और गवर्नर साहब को धन्यवाद देते हुए अपना स्थान लेता हूं ।

उद्योग मन्त्री (डाक्टर मंगल सेन): चेयरमैन साहब, आज राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर विचार हो रहा है । (विघन एवं शोर) (इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खडे हुए)

Mr. Chairman : I have called upon the Minister for Parliamentary Affairs. I would request the Hon. Members to please resume their seats.

12.00 बजे

मुख्य मन्त्री (चौधरी देवी लाल) :: स्पीकर साहब, अब टाईम हो गया है इसलिए मेरे ख्याल में –डिप्टी लीडर को बोलने की इजाजत होनी चाहिए । डस्वटर मंगल सैन चेयरमैन साहब, मैं निवेदन कर रहा था कि गवर्नर साहब के अभिभाषण पर बहस आज चल रही है । यह कल शुरू हुई थी । आज मैं जब हाउस में आया तो मेरे आदरणीय मिल राव बीरेन्द्र सिंह जी तकरीर कर रहे थे । उस समय उनकी जबाने–मुबारिक में तानाशाह का लफज था । मैं चौंक गया कि ये तानाशाह किसको कह रहे हैं । अपने दायें बायें बैठे हुए दोस्तों को कहू रहे हैं या हमें अलंकृत किया जा रहा है । राव साहब, तानाशाह की परिभाषा अब बदल गई है । इन्होंने शायद डिक्शनरी में नहीं देखा कि डिक्टेटरशिप किसको कहते हैं । आज ये कहते हैं कि तानाशाही का सलूक हरियाणा में हो रहा है । राव साहब शायद उस वक्त तन्दरुस्त नहीं थे । थोड़ी सी इनको शायद तकलीफ हो गई थी । उसके लिए तो मुझे स्वसे हमदर्दी है लेकिन इं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इन्होंने

तानाशाही का बडा भारी नंगा नाच नहीं देखा और मुझे अफसोस है कि बाहर होते हुए नहीं देखा । हम तो नहीं देख पाए क्योंकि मजबूर थे । हम तो उस समय जेल की चार दीवारी में बंद थे । लेकिन ये तो नई दिल्ली के चौराहों से घर को आते जाते थे । तानाशाही इनकी आंखों के सामने नंगा नृत्य कर रही थी । जम्हूरियत का जनाजा दिल्ली और हरियाणा में बहुत बुरी तरह से निकाला जा रहा था । लेकिन चेयरमैन साहब, इनकी बात सुन करके बड़ा अफसोस होता है । कोई नौसीखिया यदि ऐसी बात करे तब भी मान जाएं लेकिन एक सीजन्ड पार्लियामैन्टेंरियन, एक स्टैन्डिग का पार्लियामैन्टेरियन यदि इस तरह हकायत पर पर्दा डाले तो बहुत अफसोस की बात है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : आपको चान्स मिल गया इसलिए शुक्रगुजार होना चाहिए । (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)

डा0 मंगल सैन : स्पीकर साहब, ये हमें कहते हैं कि इनको चान्स मिल गया लेकिन मैं कहता हूं अगर तानाशाही रहती तो ये भी यहां नहीं आ पाते क्योंकि चुनाव का मौका ही नहीं मिल पाता । लच्छे सभा में तो लोगों ने इनको स्वीकार नहीं किया और सोचा कि असैम्बली में ही भेज देते हैं क्योंकि पुराने राजे हैं । स्पीकर साहब, मैं तो कहना चाहता हूं कि जम्हूरियत चले । मिसाल के तौर पर सदन में कल ही हमने 44वे संविधान संशोधन का अनुमोदन किया है । स्पीकर साहब, मेरे दोस्त उस समय कहां थे जब हिन्दुस्तान में जुडीशियरी का गला घोटा जा रहा था, जिस

समय भारत के संविधान का हुलिया बहुत बुरी तरह से बिगाड़ा जा रहा था?

राव बीरेन्द्र सिंह : उस समय मैं पार्लियामैंट में था और सब–से पहला औबजैक्शन रिकार्ड के पर मेरा है ।

डाक्टर मंगल सैन : स्पीकर साहब, दिल रखने वाले लोग तो उस समय जेल की चार दीवारी के अन्दर थे और म्यूचुअल अन्डरस्टैंडिंग वाले लोग शायद पार्लियामैंट में आ जा सकते थे । खैर, मैं इस बात का अब ज्यादा जिक्र नही करता क्योंकि ताना– शाही आज के माहौल में बिल्कुल शोभा नहीं देती । तो स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं कि किसी भी व्यक्ति को कृतघ्न नहीं होना चाहिए । अपोजिशन में हम भी थे । हम भी सरकार की आलोचना करते थे । डैमोक्रेसी में अपोजिशन के बिना सरकार पूरी नहीं बनती । इनका फर्ज है कि हमको प्रपोज करें, इ नका फर्क है कि यदि हम न मानें तो अपोज करें और अगर इनमें दम हो तो डिपोज करे बशर्ते कि उस बात को जनता माने । डैमोक्रेसी में अपोजिशन का बड़ा नोबल और पायस रोल है । स्पीकर साहब, यह नहीं होना चाहिए कि जब रोल अदा करने का वक्त हो तब तो कह दें कि सियासत से हमारा क्या मतलब लेकिन जब माहौल ठीक हो जाए तो कह दें कि हरियाणा में तानाशाही हे, जम्हूरियत नहीं ।

राव वीरेन्द्र सिंह : डाक्टर साहब, आपके साथ यहां मैं अपोजिशन का लीडर था । क्या आप उस बात को भूल गए?

डाक्टर मंगल सैन : मैंने तो कहा कि आप बहुत सीजन्ड पार्लियामैन्टेरियन हैं, आप बहुत अनुभवी हैं । ... (विध्न) ... स्पीकर साहब, इसीलिए तो अफसोस आता है । इनके मुंह से ऐसे शब्द शोभा नहीं देते । स्पीकर साहब, माननीय राज्यपाल जी ने बिल्कुल ठीक कहा है कि हमने डैमोक्रेटिक इंस्टीच्यूशंज को रैस्टोर किया है । आजकल जिनसे इनकी दोस्ती है, जिनके गम में ये दु:खी हो जाते हैं उस भाई ने कुरुक्षेत्र में 2 1 मई, 1968 को हल्फ लिया था और आते ही मार्किटिंग कमेटियों के चुनाव खत्म कर दिए, जिला परिषदों का फाता पढ़ दिया, म्यूनिसिपल कमेटियों को छुट्टी कर दी क्योंकि डैमोक्रेसी से उन्हें बदबू आती थी । तभी तो रक्षा मंत्री बनते ही और केन्द्र में जाते ही उन्होंने कहा कि क्या होती है डैमोक्रेसी, क्या होता है चुनाव, पांच साल नहीं तो सात साल के बाद हो जाएगा, अब्बल तो होना ही नहीं चाहिए । लेकिन स्पीकर साहब, जनता का दबाव बड़ा जबदस्त होता है । उन्होंने अपनी बात मनवा ही ली । इन्हें तो हमारा मश्कूर होना चाहिए, हमारा धन्यवाद करना चाहिए परन्तु धन्यवाद ये शर्माते हुए नही करते । ये सोचते है कि अगर इन्होंने तारीफ कर दी तो लोग इन्हें क्या कहेंगे । लोग सही आदमी की तारीफ करते हैं । तो स्पीकर साहब, मैं तो कहना चाहता हूं कि सरकार ने इस मामले में

सही कदम उठाए हैं और वह इसके लिए मुबारिक–बाद की पाल है ।

स्पीकर साहब, यहां मेरे एक आदरणीय मिल ने कहा कि साहब इतना बड़ा भारी खर्चा कर दिया । टिड्डी दल की तरह ये लोग पहुंचे । लेकिन इन्होंने देखा नहीं कि टिड्डी दल कब गया । हमने तो हर अपोजीशन के व्यक्ति को निमंत्रण दिया था और कहा था कि यह पार्टी का सवाल नहीं है, यह देश का सवाल हे, हरियाणा की गरीब जनता का सवाल है, देहात को बचाने का सवाल है! किसानों की खड़ी फसलों को तबाह होने से बचाने का सवाल है! मेरे हरिजन भाई की टूटी हुई झौंपडी को बचाने का सवाल है । अगर आपको हमदर्दी है तो हमारे साथ आओ । लेकिन इन्होंने तकलीफ नहीं की । इस हाउस के लीडर ने 65 साल की उमर में अपने सिर पर टोकरी उठाई । मेरे जैसे व्यक्ति ने भी जिसने कभी टो करी नही उठाई थी टोकरी उठाई मगर बजाए तारीफ करने के ये इसकी आलोचना करते हैं । इन्हे बहन है कि शायद यह संजय टाईप प्रोग्राम हुआ होगा जिसमें सारी पुलिस ऐडमिनिस्ट्रेशन झोंक दिया गया था ।

श्री अध्यक्ष : जिनकी गर्दन में दर्द थी उन्होंने भी टोकरी उठाई ।... (विध्न)..

डाक्टर मंगल सैन : स्पीकर साहब, क्या कहा कि इनकी गर्दन में बल नहीं आया?

श्री अध्यक्ष : नहीं, मैंने तो कहा कि जिनकी गर्दन में दर्द थी उन्होंने भी टोकरी उठाई ।... (विध्न)....

डाक्टर मंगल सैन : स्पीकर साहब, मैं बड़े अदब से कहता हूं कि हमने हरियाणा को बाढ़ से तबाह होने से बचाने के लिए जितना हो सका ईमानदारी से काम किया । स्पीकर साहब, ऐमरजैंसी समाप्त होने के बाद देश और प्रदेश के जीवन में परिवर्तन आया, लोकतंत्र बहाल हुआ और जो लोग तबाह हो रहे थे, घुटन में थे, बोल नही सकते थे उनको हमने बोलने की आजादी दी । जनता ने हमें शक्ति दी और हमने किए हुए वायदे को पूरा किया । स्पीकर साहब, कई दोस्त शोर करते हें कि आज प्रदेश में ला–लैसनैस बढ़ गई है । लेबर अनरैस्ट बहुत जबदस्त है । एक भाई ने तो कहा कि चोरियां और डाके भी बढ़ गए हैं । स्पीकर साहब, बात दरअसल यह है कि पहले लोग थाने में घुस नही सकते थे, उनकी रिप्रोर्ट दर्ज नहीं होती थी लेकिन आज हमने हिदायतें दे रखी है कि यदि कोई भी व्यक्ति, कोई भी दुःखी, परेशान आदमी थाने में आए तो उसकी रपट जरूरी दर्ज की जाए । आज हम हरियाणा की पुलिस को जो मेरे दोस्तों की बिगाडी हुई थी, रास्ते पर ला रहे हैं और मुझे खुशी है कि वह हमें पूरा सहयोग दे रही है और जनता की भावनाओं के अनुसार काम में लगी हुई है । स्पीकर साहब, आज ला एंड आर्डर आगे से ज्यादा स्टेबल है । पड़ौसी राज्य उत्तर प्रदेश में आप देखे कि क्या हो रहा है । मुझे किसी दूसरे प्रदेश के बारे में कुमैन्ट करने का

अधिक्तर नहीं है लेकिन मैं समझता हूं कि हमारे यहां काफी शांति है । अगर कही कमी है तो स्पीकर साहब, उसे सरकार पूरा करने की कोशिश में लगी हुई है । हमारा प्रदेश राजधानी के साथ सटा हुआ है । यहां कई उद्योग धन्धे बन गए है । दिल्ली में उनके लिए जबदस्त मार्किट है । स्पीकर साहब, लेबर और मजदूर भी तो इस देश के नागरिक हैं । उन्हें भी जिन्दा रहने का अधिकार है । उन्हें भी कुलैक्टिव बारगेन करने का अधिकार है । स्पिकर साहब, अगर वे अपने कुलैक्टिव बारगेन करने के अधिकार का इस्तेमाल करते हैं, वे अपना डिमांड का चार्टर पेश करते है, गेट मीटिंग करते हैं या नारे लगाते है, जलूस निकालते है तो ये लोग कहते है कि ला– लैसनैस बढ़ गई हे । स्पीकर साहब, मैं इस बात को जरूर स्वीकार करूंगा कि हमारी फराखदिली का, हमारी उदारता का, जैनरौसिटी का कुछ ऐलीमैन्ट जो कि ऐकस्ट्रिमिस्ट ऐलोमैंट हैं, नाजायज ऐक्सप्लायटेशन करना चाहता है और प्रदेश में तोड़–फोड़ कराना चाहता है लेकिन इस बात से सरकार बड़ी सचेत है और वह ऐसा नहीं होने देगो । कुछ पूजीपतियों को पुरानी गलत आदत पड़ी हुई है । मेरे भाई संत कंवर जी ने तो बडे सिवियर रिमार्कस पास कर दिए कि वे मिनिस्टरों की कोठियों पर कार लेकर आते हैं । मैं अपने माननीय मिल को कहना चाहता हूं कि किसी भी पूंजीपति को किसी मन्त्री के यहां मजदूर के खिलाफ आने की इजाजत नही दी जा सकती और न मैंने कमी दी है । मामला सब–जूडिस है, उस पर मै कुमैन्ट नही करना चाहता । अदालत में मामला गया हुआ है । मैं निवेदन करना चाहता हूं

कि पूंजीपतियों को बैड कैरक्टर्ज को इम्पलायी नही करने दिया जायेगा और लेबरर्ज को डराने धमकाने की इजाजत नही दी जायेगी और न ही उनकी जैन्विन एक्टीविटीज को रोकने दिया जायेगा । इस सरकार की नीति साफ और वाजह है । हम मजदूरों के अन्दर ऐसे ऐली– मेंट्स को जो कानून को अपने हाथ में लेना चाहते है या तशद्दद करना चाहते हैं, नहीं करने देंगे । जो पूंजीपति बैड कैरेक्टर को खरीदना चाहेंगे और नाजायज दबाव मजदूरों पर डालेंगे उनको भी ऐसा नहीं करने दिया जायेगा ।. (तालियां)स्टेट का, राज्य का काम है कि वह इम्पायर या रैफरी के तौर पर काम करे ।

राव वीरेन्द्र सिंह : बहिन जी लेबरर्ज के लिए कुछ करना चाहती था उनसे आपने यह महकमा क्यों ले लिया?

डाक्टर मंगल सैन : आपको दूसरा दर्द शुरू हो गया । कई लोग मगरमच्छ के आंसू बहाएंगे । हरियाणा में जनता पार्टी की सरकार आने पर स्ट्डैन्ट्स के अन्दर कुछ आन्दोलन हु ए । हरियाणा की नवयुवक पीढ़ी उभर रही ीऐ, इन के कन्धो पर हरियाणा का भार है । उनकी कुछ कठिनाईयां थीं । हमारी सरकार ने उनकी कठिनाईयों को बड़ी कुशलता से अनुभव किया । पिछले 10– 12 दिनों से आई0आई0 के बच्चे सड़कों पर नारे लगा रहे थे । मेरा विमान है मैंने विभाग के लोगों से पूछा कि इन लोगों की क्या मांग है? उन्होंने वताया कि इनको यह कठिनाई है । मैंने उनकी कठिनाई को महसूस किया । आज मुझे

सदन को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उन हो बातें सुनकर उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी कठिनाई पर ध्यान दिया जाएगा । उन्होंने आज से वह स्ट्राइक वापिस ले ली है । आज हरियाणा में विद्यार्थियों के अन्दर कोई अनरैस्ट नहीं है ।

स्पीकर साहब हमारी पुलिस को कई काम नाखुशगवार भी करने पड़ते हैं । राव साहब भी इस बात को एप्रिशिएट करेंगे कि कमीशन बैठने पर गवाहियां कराने में और मुलजिम और मुजरिम को सजा दिलवाने का बडा भारी काम होता है । सारे देश में कमीशन बैठे । हरियाणा में भी बैठे । आखिर मारूति की धरती जो गरीब किसानों से खोंसकर भूतपूर्व प्रधान मन्त्री के बेटे को दी गई थी जिसका उन्हें क्लेम भी पूरा नहीं मिला । तो आखिर हरियाणा में ही तो कमीशन बैठना था । कमीशन तो हरियाणा में ही बैठने थे, जहां नसबन्दी के नाम पर गोलियां चलीं, लाशों के ढेर हुए, दामाद सडक बनाई गई, मन्दिरों को गिराया गया, जाति–सम्मान समाप्त किया गया, मकान गिराए गए तो यह स्वाभाविक ही था कि यहां रैड्डी कमीशन बैठा ।

श्री सुरेन्द्र सिंह : एक बंगलौर में कमीशन बैठा था उसके बारे में तो अखबारों में पढ़ लिया होगा ।

डाक्टर मंगल सैन : चोर की दाढ़ी में तिनका । मैं तो यह कहने में मजबूर हूं । आपने गुनाह किए हैं, आप बच नहीं सकते ।

श्री सुरेन्द्र सिंह : आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर । इस सदन के अन्दर कई तरह के अलजामात लगाए जाते हैं । राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर जनता पार्टी के, विशाल हरियाणा पार्टी के और इंडीपैडैन्ट मैंबरों की तरफ से विचार प्रकट किए गए, परन्तु पुरानी सरकार पर जनता पार्टी के पार्लियामैंटरी अफेयर्ज मिनिस्टर अलजामात लगा रहे हैं । तो आप मुझे भी स्पीच करने का मौका दें तब मैं यह बताएंगा कि पिछली सरकार ने क्या किया और यह सरकार क्या करने जा रही हे?

श्री अध्यक्ष : चौधरी सुरेन्द्र सिंह जी आप बैठ जाइए । मैं एक और आबजर्वेशन करूंगा । आपने बैठे–बैठे यह बात शुरू करके इन्ट्रप्शन की है । आपने जो कुछ भी कहना है, खड़े हो कर कहें ।

Dr. Mangal Sein : I do not want to give him any importance. मैंने उनका नाम नहीं लिया है ।

Shri Surrender Singh : On a point of Personal Explanation, sir. Mr. Speaker : Not yet .

Shri Surrender Singh : On a Point of Order, Mr. Speaker. Since this matter is subjudice he should not raise it on the floor of the House. If the Minister wants to say something let him go to the court. I will cross-examine him and others will also be given an opportunity to cross-examine

Dr. Mangal Sein : He is no body to cross-examine me. (Interruptions),

Shri Surrender Singh : If you want to say something, go to the court of law. Why subjudice matters are being raised here ?

डाक्टर मंगल सैन : मेरी बड़ी अदब से प्रार्थना है कि यहां कमीशन क्यों बैठा कमीशन इसलिए बैठा कि पुरानी सरकार ने जो काम किये उनको देख कर लज्जा आती है । उन्होंने बहिन भाइयों को नंगा किया । बुढ़िया मां को मारा ।

श्री गंगा राम : आन ए प्वांयट आफ आर्डर भर । यह इन्दिरा का बाच्छडा तो मेरे खूटे पर ही ठीक था । मैं आपसे यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि जो गवर्नर साहब का अभिभाषण है, इस पर अगर एक दिन और बढा दिया जाता तो हकीकत में असली मुलजिमों का जो जनता सरकार का ओढना ओढ़े बैठे हैं, उनका भी पता चल जाता । इसलिए मेरी मुख्य मन्त्री जी से प्रार्थना है कि गवर्नर एड्रैस पर मुझे अवश्य समय दिया जाना चाहिए ।

डाक्टर मंगल सैन : है तो स्पीकर साहब बड़ी इन्नोसैन्स से बात कर रहा था और बड़ा इनोसैन्ट सा आदमी हूं । हमारी एडमिनिस्ट्रैशन पर कितना दबाव रहा है और वह क्यों रहा हे? है इस बारे अर्ज कर देना चाहता हूं । हमारी पुलिस का बड़ा अच्छा रेस्पोन्स रहा है । पुलिस ने पब्लिक ग्रिविन्सीज और पब्लिक कम्प्लेन्ट्स को सुना । अब हमने तो तय किया हैकि लगभग 250

इन्वैस्टीगेशन अफसर और अप्वांयट किए जाएं । मैंने अपने मन्त्री परिषद के साथियों को लिखा है कि वे इस बात की मन्जूरी दें ताकि प्रदेश में जो गुनाहगार हैं उनके बारे में इनक्वायरी हो सके ।

स्पीकर साहब, बातें तो बहुत सी करने वाली हैं, अब क्योंकि माननीय मुख्य मन्त्री महोदय ने बोलना है, इसलिए नगरपालिका के बारे में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि मेरे. पुराने साथियों ने तो गरीबों का गला ही दबा दिया था । रेहड़ी वालों की फीस इन्होंने 6 रुपए से बढ़ाकर 80 रुपए कर दी थी अब फिर से, जब से जनता पार्टी 'की सरकार आई है, इसने 6 रुपए कर दी है । स्पीकर साहब, जो तहबाजारी अब एक रुपया फी गज के हिसाब से ली जा रही थी, वह हमने फिर से 10 पैसे कर दी है । स्पीकर साहब, यह सरकार हर कदम गरीबों के पक्ष में ले रही है । हमने हरियाणा के बड़े–बड़े पूंजीपतियों को और कारखानेदारों को जिनको, पिछली सरकार अपने मतलब के लिए इस्तेमाल किया करती थी, पर भी 'नहीं मारने दिया । हम गरीब को उसका हक ले करके दे रहे हैं । मैं आपके द्वारा सदन को यह बताना चाहता हूं कि यह सरकार गरीब के पक्ष में है, मेहनतकश के पक्ष में है । इन शब्दों 'के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।

मुख्य मन्त्री (चौधरी देवी लाल) : : स्पीकर साहब, हरियाणा के गवर्नर साहब के एड्रैस में हमारी सरकार ने फ्लड के

दिनों में लोगों की जो मदद की और जो इरादा था, उस इरादे पर बधाई का प्रस्ताव रखते हुए चौधरी रिजक राम जी ने जो कहा, और चौधरी राम लाल जी ने जिसकी हिमायत की, उससे यह साफ जाहिर है कि इस सरकार ने राजगद्दी सम्भालते ही ऐसा काम किया है जिसके लिए सिवाय बधाई के या मुबारिकबाद देने के और कोई चारा ही नही था । यह इस बात से स्पष्ट है कि इसकी मुखालफित किसी ने भी नहीं की । – (विध्न)मेरा कहने का मतलब यह है कि कुछ साथियों ने कुछ सुझाव दिए हैं । उन सुझावों को मानना तो सरकार का अपना फर्क बनता है । जैसे चौधरी जगजीत सिंह पोहलू ने एक सुझाव दिया । मैं उनके सुझाव के मुताल्लिक इनको यह बताना चाहता हूं कि सरकार ने लड़कियों को उनके खाबिन्द की जायदाद में हक देने का फैसला कर लिया है । – – (थम्पिग)इसके साथ–साथ ही उन्होंने बेरोजगारी के बारे में कहा है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : आन ए प्वांयट आफ इनफर्मेशन सर । यह जो फैसला किया है यह हरियाणा सरकार ने किया है या हिन्दुस्तान की सरकार ने किया है कि हिन्दु सक्सैशन एक्ट में इस तरह की तरमीम की जाये?

चौधरी देवी लाल : यह हमारी सरकार ने फैसला किया है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : हरियाणा सरकार तो उस एक्ट में तरमीम कर ही नहीं सकती, यह तो सिर्फ प्रस्ताव पास कर सकती है । – (विघन)–

चौधरी देवी लाल : हमने वही किया है । – (थम्पिग) – उन्होंने यह भी कहा है कि बादल साहब की दोस्ती का यह मतलब नहीं कि हम अपना हक छोड़ दें । आखिर इसका भी कोई न कोई हल निकाला जाना चाहिए । राव साहब ने भी इसका जिक्र किया और यह भी कहा कि एस0वाई0एल 0 के बारे में अभी तक कोई फैसला नही हुआ ।

स्पीकर साहब, मैं आपकी मार्फत राव साहब का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहूंगा कि उनकी भी सरकार यहां पर रही है और इन कांग्रेसियों की भी सरकार सैन्टर में, हरियाणा में और पंजाब में लगातार 7 साल तक रही है लेकिन ये आज तक इसका कोई फैसला नही करा पाए । यहां तक कि लैण्ड भी एक्वायर करने का कोई फैसला नही हुआ । हमारे आपस के ताल्लुकात का सबसे पहला नतीजा यह निकला है और वह आप लोगों के सामने है कि हमारी सरकार बादल सरकार के साथ बातचीत करके इस नतीजे पर पहुंची है कि उन्होंने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है । वह नोटिफिकेशन मैं पढ़कर सुना देता हूं ताकि कोई एतराज वाली बात न रहे । – (थम्पिग)– अगर अब भी इनको कोई शक रह गया हो, तो वह भी दूर हो जाए कि यह

लैण्ड एक्वायर हो रही है या नहीं । पंजाब की सरकार इस काम के लिए पूरी कोशिश कर रही है । नोटिफिकेशन मे लिखा है:—

"Whereas it appears to the Governor of Punjab that land is likely to be required to be taken by Government at the public expenses for public purpose namely for constructing Sutlej Yamuna Link canal in Village Kamalpur and Sarala Kalan. Tehsil Rajpura, District Patiala."

राव वीरेन्द्र सिंहः कौन से सैक्शन का नोटिफिकेशन हे?

चौधरी देवी लाल : सैक्शन 4 और 17 का नोटिफिकेशन है । मैं राव साहब कौ एक बात यह भी बता द् कि सैशन की वजह से रुकावट पड़ गई, वरना स्पीकर साहब, मुझे उस फंक्शन को प्रिजाइड करना था और बादल साहब ने उसका उद्घाटन करना था ।

एक आवाज : राव साहब को भी उसमें इन्वाईट कर लेना ।

चौधरी देवी लाल : मैं राव साहब को भी इनवाईट करूंगा । मैं जानता हूं कि वे आएंगे तो यहां भी नही, जैसे कि श्रमदान के वक्त इनको भी इन्वाईट किया गया था, लेकिन ये नहीं आए । —— (विध्न) —— मेरा कहने का मतलब यह है कि हमने पार्टी की तरफ से श्रमदान शुरू नही किया था । हमने तो गवर्नमैंट की तरफ से शुरू किया था और हर पार्टी को इन्वीटेशन

भिजवाया था । मुझे बड़ा अफसोस है कि उस काम में भी वे नहीं आए ।

राव बीरेन्द्र सिंहः जब आपने यह फैसला किया, क्या उस वक्त आपने सब पार्टीज को बुलाया था?

चौधरी देवी लाल : जब कोई फैसला गवर्नमैंट की तरफ से होता है तो उस वक्त तमाम पार्टीज को कन्सल्टेशन के लिए नहीं बुलाया गता । इसके अलावा एक सुझाव यह. भी दिया गया है कि मौजूदा सरकार कांग्रेस सरकार वाली गलतियां न करे । मैं पोहलू साहब से यह कहता हूं कि अगर हम भी कांग्रेस सरकार वाली गलतियां करेंगे तो हमारा भी वही हशर होगा जो आज कांग्रेसियों का हो रहा है । इसके साथ–साथ एक और खुशखबरी. की बात मैं आप लोगों को दूगा । बहुत समय से यह शोर चल रहा था कि यूनिट बेसिज पर बिजली न देकर फ्लैट रेट पर बिजली दी जाये । तो हमारी सरकार भी फ्लैट रेट पर किसानों को बिजली देने जा रही है । ––(थम्ग्गं) –– अगली बात तो जो थोड़ी सी अहितकर–सी थी, वह मैं आप लोगों के सामने रखना चाहता हूं । हरियाणा में निहंगों ने उद्धम मचा रखा है । यह उद्धम हमारे से दो अढाई साल पहले भी जब कांग्रेस सरकार थी, उस वक्त भी इन्होने मचा रखा था । जहां कहीं भी ये थोड़ी बहुत जमीन खाली देखते हैं, वहीं अपना झंडा गाड़ देते हैं । जैसे कही पर शमशान की भूमि खाली पड़ी हो वकफ की जमीन थी, उस पर ये कब्जा कर लिया करते थे । हमारी सरकार ने मजबूती

के साथ इनका मुकाबला किया और इसका नतीजा यह हुआ कि अब हम उनसे वह जमीन खाली कराने में सफल हो गए हैं । पुण्ड्री में निहंग जमीन छोड़कर चले गए है । कैथल का केस अदालत में पैडिंग है । अब वहां पर कोई झगड़ा नहीं है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : जो दीवार उन्होंने वहां परकंस्ट्रक्ट कर ली थी, उसका क्या बना?

चौधरी देवी लाल : वह उसे छोड्कर चले गए है ।

Shri Shamsher Singh : What about judicial enquiry,

चौधरी देवी लाल : मैजिस्टिरियल इनक्वायरी चल रही है । उसकी रिपोर्ट आने के बाद देखा जाएगा । अब कुछ भाइयों ने लम्बी–चौड़ी भ्रष्टाचार पर तकरीर की और यह कहा 'भ्रष्टाचार बन्द हो पानी का प्रबन्ध हो' यह केवल एक नारा है । उसके साथ ही साथ यहां पर यह इल्जाम भी लगाया गया कि अफसरान की मारफत चन्दा इकट्ठा किया जाता है । मुझे बहुत खुशी है कि भाई मांगे राम ने यह इल्जाम वापिस ले लिया, लेकिन मैं आप लोगों को यह अर्ज करना चाहता हूं कि मेरी सरकार बातों में विश्वास नही रखती, काम करने में विश्वास रखती है । इन्दिरा गांधी का 20 सूत्री प्रोग्राम था संजय साहब का 4 सूली प्रोग्राम था, लेकिन मेरा खे सूली प्रोग्राम है । मेरा कोई लम्बा चौड़ा उन लोगों की तरह 20 या 4 सूत्री प्रोग्राम नही है मेरा तो सिर्फ दो सूत्री प्रोग्राम है । मैं पहले भी ऐलान कर चुका हूं । आज फिर इस हाउस में

यह ऐलान कर रहा हूं । अब आप लोगों का यह फर्ज बनता है कि आप इस कार्य में सहयोग दें और आज फिर ऐलान करता हू कि कोई भाई सौ रुपए रिश्वत किसी से लेते हुए पकड़वा दे तो सरकार की तरफ से पांच सौ रुपया दिया जाएगा । सबसे बड़ा एक इल्जाम यह लगाया गया कि किसी मैंबर के रिश्तेदार के घर टेलीफोन लगा हुआ है । यह एक स्वाभाविक बात है कि अगर एक एम0 एल0 ए0 बाहर देहात का रहने वाला है और उसकी आमदोरफ्त शहर– में है, तो वहां टेलीफोन लगवाना पड़ेगा और टैलीफोन का खर्चा उसी के जिम्मे होगा । इस तरह का इल्जाम मेरे साथियों के खिलाफ कोई नहीं लगा सकता ।

इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट की बाबत इल्जाम लगाया गया । इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट हमने नहीं बनाए । यह पहले की सरकार के बने हुए हैं और लगातार चले आ रहे है और इस डिवैल्पमैंट की हालत में इस तरह की म्युनिसिपल कमेटेयां कभी टूट जाती हैं और कभी एडमिनिस्ट्रेटर के अख्तियार में आ जाती हैं । तो इम्प्रूवमैंट आज के वक्त में तभी हो सकता है जब बाकायदा इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट बनाए जाए । इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट कोई रिश्वत का अड्डा नही है ।

राब बीरेन्द्र सिंह : कितने ऐसे इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट हैं जिनमें पहले कांग्रेस के मैंबर थे और जब आपकी सरकार बनी, तो आपने कितने बनाए?

चौधरी देवी लाल : : यह तो आप असैम्बली क्वैश्चन कीजिए, फिर जवाब दे दिया जाएगा । राव साहब ने एक यह इल्जाम लगाया कि गाली देने का काम पहले कहीं चीफ पार्लियामैंट्री सैक्रेटरी के सुपुर्द कर रखा था और कहने लगे कि अब किसी मिनिस्टर को यह काम दे दिया है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : मैंने यह नहीं कहा था ।

चौधरी देवी लाल : आपकी स्पीच में यह था । राव साहब ने हमारी सरकार को तानाशाह कहा । लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने कोई ऐसे हालात पैदा नहीं किए जिससे यह साबित होता हो कि हम तानाशाह हैं । अलबत्ता ये अपोजीशन में होते हुए भी तानाशाहों के जेरेशाय बैठे रहे और हम लोग जेल की चारदीवारी के अन्दर बन्द थे । अपोजीशन में होते हुए भी इनकी इतनी हिम्मत नहीं हुई कि तानाशाहों के खिलाफ कोई आवाज उठा सकें ।

राव वीरेन्द्र सिंह : मैं इन्तजार कर रहा था कि आप बाहर आ जाएं।

चौधरी देवी लाल : राव साहब और इल्जाम नहीं लगा सकते, तो अब एक ही इल्जाम लगाया कि इनके डिसिडैन्ट चौधरी साहब के खिलाफ यहां तक कहते हैं कि शायद देवीलाल से यह भी तवक्को की जा सकती है कि वह कत्ल करवा दे । इस किस्म के इल्जाम राव साहब लगा रहे हैं । इससे जाहिर होता है कि

हमारे आपस के झगड़े हैं । हमारे जो आपस के झगड़े हैं, उनसे आपका कोई वास्ता नहीं है, स्टेट का उनसे कोई वास्ता नहीं है । हम आपस में सौ बार झगडेंगे, आपका इससे कोई वास्ता नहीं है । (व्यवधान) इसके अलावा राव साहब ने इतना भी मुनासिब नहीं समझा कि फ्लड के काम में सहायता करें, जो थोड़ा बहुत फ्लड का काम था उसमें हमने सरकार की तरफ से कोशिश की कि आइंदा के लिए फ्लड न आ सकें । उसके लिए रुपया था नहीं । हमने यह सोचा कि श्रमदान के जरिए, मेहनत के जरिए फ्लड का प्रबन्ध किया जायें । लोगों में इस किस्म का आत्मविश्वास पैदा किया जाये, ताकि वह अपनी मदद आप कर सकें । राव साहब ने उसमें भी इल्जाम लगाया कि जौ टोकरियां उठाते थे, वह भी एक किस्म की रिश्वत मानी जाती थी । वह भी रिश्वत से उठवाई जाती थीं । मेरा राव साहब से यह कहना है कि आप कम से कम ऐसे कामों में जो नेक हों, जो जनता के हित के लिए हों, उनकी तो मुखालफत आपको नहीं करनी चाहिए । इन्होंने यह भी कहा कि पहले फ्लड क्यों नहीं आये और आगे कहा कि जैसी नियत वैसी बरकत । इनकी नियत माडी थी इसलिए सैलाब आ गए । ऐसी बातें करना ठीक नहीं ।

राव साहब ने इल्जाम लगाया कि कालेजों में बहुत बे इन्तजामी है । इसके बारे में सरकार को एक एक्ट भी लाना पड़ेगा, क्योंकि सारी स्टेट के अन्दर प्राइवेट कालिजों की हालत बहुत खराब है, उनका इन्तजाम बहुत खराब है और उसके लिए

कोशिश की जाती है कि हर स्टूडैन्ट से पांच दस हजार रुपया कन्ट्रीब्यूशन के बहाने लिया जाये । यह केवलं राव साहब के कालेज की बात नहीं है सारी स्टेट के प्राइवेट कालिजों की हालत है । – (व्यवधान)

राव वीरेन्द्र सिंह : मेरे यहां ऐसा नहीं है अगर ऐसा होता, तो मैं साढ़े बारह हजार वोटों से जीतकर न आता ।

चौधरी देवी लाल : राव साहब को तो सबसे बड़ी फिक्र यह हो रही है कि जो कालिज की आमदनी का सिलसिला बना हुआ है वह सिलसिला बन्द न हो जाये ।.. (व्यवधान)..

राव बीरेन्द्र सिंह : बगैर इनक्वायरी के ग्रान्ट बन्द कर दी ।

चौधरी देवी लाल : उसके लिए एक कमेटी बनी हुई है । वह इनक्वायरी कर रही है । रिपोर्ट आने वाली है, उस रिपोर्ट के आधार पर फैसला किया जा रहा है कि आइन्दा के लिए ऐसे कालेजिज का क्या किया जाये । सरकार की हालत तो अच्छी नहीं है और उधर क्रदशन है । इन्तजाम चल नहीं पा है । तो इनको टेकओवर करने के अलावा और कोई रास्ता दिखाई नहीं दे पा है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : आप इनको नैशनेलाईज कर दे ।

चौधरी देवी लाल : नैशनेलाईज तो करना ही पड़ेगा.. (व्यवधान).. । बेरोजगारी के बारे में कहा गया कि बेरोजगारी दूर करने के लिए हमारी सरकार ने कुछ नहीं किया । मैं सदन को बताना चाहता हूं कि हमने फैसला किया कि इंडस्ट्रियलाईजेशन को रूरल इंडस्ट्री– यलाईजेशन की शक्ल में बदला जाये और उसमें इस ढंग से मदद की जाये ताकि दस हजार से एक लाख तक कर्जा हासिल कर सकें और उस इंडस्ट्री से वे लोग अपना रोजगार चला सकें । 1 10 के करीब यूनिट बन गए हैं और अगले साल तीन सौ के करीब और यूनिट बन जाएंगे । – (थम्पिग)अगर बेरोजगारी के लिए इस ढंग से मदद की जाये तो यह दूर हो जाएगी ।

मिनिस्ट्री में इजाफे की बात कही गई । वह इजाफा तो मुमकिन है । मिनिस्ट्री के लिए तो यह सारे झगड़े चल ये हैं । हमारी सरकार ने लड़कियों की शिक्षा पर पूरा जोर दिया है । हमने यह पालिसी अपनाई है कि जितने हाई स्कूल और प्राइमरी स्कूल अपग्रेड किए जाएं. वे सब स्कूल, लड़कियों के किए जाएं । अगर गांवों में लड़कियों के स्कूल नही होंगे, तो लड़कियां पढ़ाई जारी नहीं रख पाएंगीं, क्योंकि पढ़े लिखे लोग जैसे वकील हैं, डाक्टर हैं, उनकी लड़कियां तो शहर में पढ़ लेती हैं लेकिन देहात की लड़कियां शहर में जाने से कतराती हैं । इसलिए सरकार ने यह फैसला किया । मैं आप लोगों से दरख्वास्त करुंगा कि आप इस बारे में सरकार का साथ दें । सरकार ने अपने हिसाब से यह

फैसला किया है । इसके मुताबिक कोई भी ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी, जिसमें किसी को कुछ कहने का अवसर मिले ।

राव वीरेन्द्र सिंह : हैड वर्क्स की बात भी बता दीजिए ।

चौधरी देवी लाल : जहां तक हैड वर्क्स का ताल्लुक है उसके बारे में सैन्ट्रल गवर्नमैंट का एक एक्ट है उसके मुताबिक फैसला हुआ है । सैन्ट्रल गवर्नमैंट के साथ इस बारे में बातचीत चल रही है । हैड वर्क्स के बारे में एमीकेबली सैटलमैंट हो जाएगा ।

राव बीरेन्द्र सिंह : पंजाब सरकार की तरफ से सैन्ट्रल गवर्नमैट को एक मैमोरैन्डम दिया गया है कि जो अब तक डिस्क्रिमिनेशन या इनजस्टिस पंजाब केसाथ हुआ है उसको फिर से देखा जाये । वे सारी चीज को फिर से री–ओपन कराना चाहते हैं । तो क्या जो हरियाणा के साथ इनजस्टिस हुआ है उसके बारे में भी हरियाणा सरकार कुछ करने जा रही है?

चौधरी देवी लाल : ऐसा कुछ नहीं दिया गया है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : क्या नहीं दिया गया?

चौधरी देवी लाल : कुछ नही दिया स्पीकर साहब, गवर्नर साहब के एड्रैस पर किसी भी भाई ने किसी किस्म की मुखालफित नहीं की और न ही कोई ऐलीगेशन ही लगाया है ।

इसलिए मैं समझता हूं कि जो गवर्नर साहब का एड्रैस है इस पर और ज्यादा बोलने की आवश्यकता नहीं है । डन शब्दों के साथ मैं गवर्नर साहब को बधाई देता हूं और हाउस से यह दरख्वास्त करता हूं कि यह जो मोशन है, इसको पास किया जाये ।.. (तालियां)..

श्री सुरेन्द्र सिंह : हमें टाईम नही मिला, स्पीकर साहब ।

श्री अध्यक्ष : मैं एक बात जरूर कहूंगा कि **चौधरी** सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि टाईम नहीं मिला । यह मामला बिजनैस एडवाईजरी कमेटी के सामने आया था । उस वक्त हमने कहा कि गवर्नर एड्रैस के लिए तीन दिन रखे जाएं । उस वक्त कुछ इधर के मैंबर साहिबान थे, इंन्होंने यह कहा चूंकि हम बजट पर डिस्कशन के लिए चार दिन रखना चाहते हैं, इस लिए गवर्नर एड्रैस के लिए दो दिन ही काफी हैं ।

राव वीरेन्द्र सिंह : बजट पर बोलने के लिए चार दिन हो गए हैं ।

श्री सुरेन्द्र सिंह : स्पीकर साहब, हमारी पार्टी को टाईम नहीं मिला, उस वक्त हमें ज्यादा टाईम दिया जाये ।

एक आवाज : कौन सी पार्टी?

श्री सुरेन्द्र सिंह : अगर आज भी आपको पार्टी नजर नही आती है तो आपको नजर क्या आता हे?

Mr. Speaker: Question is—

That an Address be presented to the Governor in the following terms—

"That the Members of the Haryana Vidhan Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the Governor for the address which he has been pleased to deliver to the House on the 27th February, 1978."

The motion was carried.

श्री अध्यक्ष : हाउस कल सुबह 9.30 बजे तक के लिए मुलतवी किया जाता है ।

12. 45 बजे

(The Shaba then *adjourned till 9.30 a. m. on Thursday, the 2nd March, 1978.)